कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मध्य प्रदेश, भोपाल

क्रमांक 698 /पी.ए./प्र.अ./10 भोपाल, दिनांक 27.8.10

प्रति,

मुख्य अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
भोपाल/इन्दौर/जबलपुर/ग्वालियर परिक्षेत्र

समस्त अधीक्षण यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मध्यप्रदेश

समस्त कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मध्यप्रदेश ।

विषयः– मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदाय की गारन्टी विधेयक 2010

:::

जैसा कि विदित है, राज्य शासन द्वारा उपरोक्त विधेयक हाल ही में प्रभावशील किया गया है तथा इससे संबंधित औपचारिक आदेश शीघ्र ही प्राप्त होंगे ।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संबधित हैण्डपंप सुधार कार्य को इस विधेयक के अंतर्गत रखा गया है एवं प्रत्येक स्तर पर समय सीमा निर्धारित की गई है । समय सीमा में कार्यवाही नहीं होने पर इस विधेयक के अंतर्गत शासकीय सेवकों पर शास्ति आरोपित किये जाने का प्रावधान है । विभागीय प्रस्ताव एवं निर्धारित समयावधि की एक प्रति इस पत्र के साथ संलग्न है, इस प्रक्रिया के अनुसार विभाग द्वारा कार्यवाही की जाना होगी । कृपया अभी से इस संबंध में अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों / कर्मचारियों से चर्चा कर उन्हें जानकारी उपलब्ध करा दें जिससे विधेयक के प्रावधान प्रभावशील होने के तत्काल बाद विभाग की तैयारी पूर्ण रहे एवं किसी भी विभागीय कर्मचारी/अधिकारी के लिये कोई विपरीत स्थिति निर्मित न हो ।

संलग्न : उपरोक्तानुसार ।

(सुधीर सक्सेना)
प्रमुख अभियंता

पृ.क्र. 699 /पी.ए./प्र.अ./10 भोपाल, दिनांक 27.8.10

प्रतिलिपिः–

प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ अग्रेषित ।

प्रमुख अभियंता

# मध्य प्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी विधेयक 2010

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

| क्र | सेवाएं | पदाभिहित अधिकारी | सेवा प्रदान करने की निश्चित समय–सीमा | सेवा प्राप्त करने के आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज * | प्रथम अपील अधिकारी का पदनाम | प्रथम अपील के निराकरण की निश्चित समय–सीमा | द्वितीय अपील प्राधिकारी | पुनरीक्षण अधिकारी (संबंधित प्रशासकीय विभाग) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | विभागीय हैण्डपंप का सुधार करना | | | सरपंच से प्राप्त प्रमाण पत्र | | | | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग |
| | अ. गौण स्वरूप का (भूतल के ऊपर के हैण्डपंप भाग में साधारण खराबी की मरम्मत) | हैण्ड पंप मैकेनिक / प्रभारी उपयंत्री | 5 | | संबंधित सहायक यंत्री | 7 | संबंधित कार्यपालन यंत्री | |
| | ब. वृहद स्वरूप का (भूतल के नीचे के हैण्डपंप की लाईन ऐसेंबली का सुधार। नलकूप में पानी की कमी या जलस्तर नीचे जाने व नलकूप के भर–पट जाने के कारण बंद हैण्डपंप छोड़कर) | हैण्ड पंप मैकेनिक / प्रभारी उपयंत्री | 15 | | संबंधित सहायक यंत्री | 15 | संबंधित कार्यपालन यंत्री | |

* नोट:– आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न नहीं होने पर आवेदन अमान्य किया जावेगा।

उप सचिव
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी